# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. दिल्ली के भारत मंडपम् में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव में राजस्थान से किसे विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।?

(A) भजनलाल शर्मा

**(B) दिया कुमारी**

(C) गजेन्द्र सिंह खींवसर

(D) गजेन्द्र सिंह शेखावत

दिल्ली के भारत मंडपम् में 12 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

- महोत्सव के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिनिधिमंडल ने दिया कुमारी से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण दिया।
- स्वदेशी व्यापार, उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के व्यापार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजस्थान सरकार और प्रदेश के व्यापारियों की विशेष भागीदारी रहेगी।

## 1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां पर 'मिशन लिवर स्माइल' क्लीनिक खोले जा रहे हैं।

(B) प्रथम फेज में जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, अलवर समेत दस से ज्यादा अस्पतालों में ट्रायल किया जाएगा

**सही विकल्प चुनें**

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है(D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

भजनलाल सरकार जयपुर समेत सभी जिला अस्पतालों में नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर के लिए 'मिशन लिवर स्माइल' क्लीनिक खोलने जा रही है।

- यहां लिवर में फाइब्रोसिस देखने के लिए एफआईबी-4 स्कोर, सीबीसी, एलएफटी की जांच के साथ बीमारी की गंभीरता का पता किया जाएगा और इलाज भी होगा।
- राजस्थान देश का पहला राज्य है, जहां पर 'मिशन लिवर स्माइल' क्लीनिक खोले जा रहे हैं। प्रथम फेज में जयपुर, अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर, कोटा, अलवर समेत दस से ज्यादा अस्पतालों में ट्रायल किया जाएगा।
- इसके लिए डॉक्टरों व स्टाफ को जांच का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बीमारी की प्रेवलेंस रेट 9 से 32 फिसदी है।
- राजस्थान समेत देशभर में हर साल लिवर की गंभीर बीमारी से 2 लाख लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत क्लस्टर गठन में राजस्थान का देश में दूसरा (दूसरा स्थान) स्थान है, तथा कृषक पंजीकरण में राज्य का तीसरा स्थान है।

(B) राज्य में अब तक 2,380 प्राकृतिक खेती क्लस्टर बनाए जा चुके हैं, जो आंध्र प्रदेश के बाद देश में दूसरे सबसे अधिक हैं।

सही कथन चुनिए:

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत क्लस्टर गठन में राजस्थान का देश में दूसरा (दूसरा स्थान) स्थान है, तथा कृषक पंजीकरण में राज्य का तीसरा स्थान है।
राज्य में अब तक 2,380 प्राकृतिक खेती क्लस्टर बनाए जा चुके हैं, जो आंध्र प्रदेश के बाद देश में दूसरे सबसे अधिक हैं।

इन क्लस्टरों से 2,12,346 किसान जुड़ चुके हैं, जिससे कृषक पंजीकरण में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है।

प्रदेश में लगभग 91,166 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है

इस मिशन के तहत किसानों को रासायनिक उर्वरकों से दूर रखने और प्राकृतिक तरीकों (जैसे जीवामृत, बीजामृत) को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।
राज्य सरकार पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैलों से खेती करने वाले किसानों को 30 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है।

प्रदेश में 50 हजार किसानों को गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना के माध्यम से जैविक खाद उत्पादन के लिए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

03.राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) ने पुलिस कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए किसके साथ एमओयू किया है?

(A) यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर

(B) आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

(C) कैम्ब्रिज

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान पुलिस अकादमी (RPA) ने पुलिस कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर (University of Manchester) के साथ 5 साल के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह समझौता 28 जुलाई 2026 को पुलिस मुख्यालय, जयपुर में किया गया।
इस समझौते का उद्देश्य तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य और पुलिस कल्याण से संबंधित सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना है।
- इसके अंतर्गत दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम, प्रमाणन कार्यक्रम, कार्यशालाएं, संकाय विनिमय और सहयोगी अकादमिक अनुसंधान भी शुरू किए जाएंगे।
- राजस्थान पुलिस के लिए यह अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय सहयोग है, जो साक्ष्य-आधारित पुलिसिंग और कर्मियों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान में 11500 स्वास्थ्य संस्थानों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित किए गए हैं

(2) आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लोगों को 121 प्रकार की आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में 1 से 3 अगस्त तक फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया कैटरर्स (एफएआईसी) का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रदर्शनी केटरकॉन इंडिया आयोजित की जाएगी। इसका शुभारंभमुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी करेंगे।

सम्मेलन में देशभर से 3,000 से अधिक प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। एफएआईसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र सोमानी ने बताया कि इस बार एफएआईसी अवॉर्ड की शुरुआत की जा रही है। इनके तहत 18 राज्यों में 16 श्रेणियों में शीर्ष तीन कैटरर्स को सम्मानित किया जाएगा।

प्रदर्शनी में 500 से अधिक प्रदर्शक कमर्शियल किचन उपकरण, खाद्य उत्पाद, पैकेजिंग, लॉजिस्टिक्स, सॉफ्टवेयर और हॉस्पिटैलिटी समाधान प्रदर्शित करेंगे।


05. भारतीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में कौनसा पदक जीता है?

(A) स्वर्ण पदक

(B) रजत पदक

(C) कांस्य पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

भारतीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में अपने शानदार प्रदर्शन को 1 अगस्त को फाइनल मुकाबले में भी जारी रखा और गोल्ड मेडल जीता है

राजस्थान के कोटा की अरुंधति ने महिलाओं के 70 किलो भारवर्ग को खिताबी मुकाबले में अरुंधति ने इंग्लैंड की चैंटली रीड को 5-0 से पटखनी देकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया।

भारत का यह ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बॉक्सिंग में पांचवां गोल्ड और छठा पदक है।

अरुंधति ने 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीता था। वह 2026 में वर्ल्ड कप बॉक्सिंग और एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भी गोल्ड मेडल जीत चुकी है

**Today, Quiz:**

**Q. सहकारी क्षेत्र में 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' के क्रियान्वयन में राजस्थान का पूरे देश में कौनसा स्थान है?**

(A) पहला

(B) तीसरा

(C) सातवां

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine